प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

आज़ादी का अमृत महोत्सव

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, एस.बी.एस. मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
Department of Communication, Central Office, S.B.S. Marg, Fort, Mumbai - 400 001
फोन/Phone: 022 - 2266 0502

19 जुलाई 2022

विनियामक सैंडबॉक्स (आरएस) – 'सीमापारीय भुगतान' संबंधी दूसरी कोहार्ट - निकास

विनियामक सैंडबॉक्स (आरएस) के अंतर्गत 'सीमापारीय भुगतान' विषय के साथ दूसरे कोहार्ट में, आठ संस्थाओं ने अपने उत्पादों की जांच आरंभ की, जिसे 13 सितंबर 2021 की प्रेस प्रकाशनी के माध्यम से सूचित किया गया था।

2. निम्नलिखित चार संस्थाओं ने 'जांच चरण' पूरा कर लिया है।

क्र सं.	सैंडबॉक्स संस्था	विवरण
1	कैशफ्री पेमेंट्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड	यह उत्पाद, स्थानीय भुगतान प्रणालियों के माध्यम से, भारतीय निवेशकों द्वारा विदेशी एक्सचेंजों (उदाहरणार्थ NASDAQ) में सूचीबद्ध आस्तियों, यथा सार्वजनिक रूप से सूचीबद्ध शेयरों, एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड अर्थात् ईटीएफ और म्यूचुअल फंड की इकाइयों, प्रतिभूतियों की क्रय सुविधा के लिए एक सीमापारीय भुगतान मंच प्रदान करता है।
2	फेयरेक्स सोल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड	यह उत्पाद बहिर्गामी विप्रेषण के लिए शीर्ष सीमापारीय भुगतान प्रदाताओं का समूहन मंच प्रदान करता है।
3	नियरबाय टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड	यह उत्पाद मौजूदा रुपया आहरण व्यवस्थाएँ (आरडीए) तंत्र का उपयोग करते हुए एक आभासी बैंक खाते के रूप में लाभार्थी के आधार संख्या से अंतर्गामी सीमापारीय प्रेषण की सुविधा प्रदान करता है।
4	ओपेन फाइनेंशियल टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड	यह उत्पाद मौजूदा बुनियादी ढांचे का उपयोग करते हुए एक ब्लॉकचैन-आधारित सीमापारीय भुगतान प्रणाली का प्रस्ताव करता है तथा घर्षण रहित और छेड़छाड़ रहित (टैंपर प्रूफ) निगरानी क्षमताओं को सुनिश्चित करता है।

3. उत्पादों का मूल्यांकन पारस्परिक रूप से सहमत जांच परिदृश्यों और अपेक्षित परिणामों के आधार पर किया गया था। उपर्युक्त सभी चार उत्पादों को विनियामक सैंडबॉक्स के तहत जांच के दौरान परिभाषित सीमा शर्तों के भीतर व्यवहार्य पाया गया है।

4. उपरोक्त संस्थाएं अब 'सीमापारीय भुगतान' पर विनियामक सैंडबॉक्स के दूसरे कोहार्ट से बाहर हो गई हैं। इस कोहार्ट के तहत स्वीकार्य उत्पादों को लागू विनियामक अपेक्षाओं के अनुपालन के अधीन विनियमित संस्थाओं द्वारा अपनाने के लिए विचार किया जा सकता है।

(योगेश दयाल)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2022-2023/559